Regarding sand mining in Banda Parliamentary Constituency

श्रीमती कृष्णा देवी शिवशंकर पटेल **(बांदा) :** माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार के माननीय खनिज मंत्री जी के समक्ष अपनी बात रखना चाहती हूं । मैं ऐसे क्षेत्र से चुनकर आती हूं, जहां बालू का पर्याप्त खनिज भण्डार मौजूद है एवं उसके अंधाधुंध दोहन के चलते अवैध खनन एवं ओवरलोड का कारोबार खूब फलफूल रहा है ।

अध्यक्ष महोदय, मैंने कई बार जिला बांदा व चित्रकूट के उच्च अधिकारियों को पत्र के माध्यम से अवगत कराया, किन्तु कोई कार्रवाई न होने से अवैध कारोबारियों के हौसले बुलन्द हैं । अनवरत ओवरलोडिंग जारी है, जिससे प्राय: तेजगति के कारण अत्यधिक दुर्घटनाएं होती हैं व खनन की जगह से मन मुताबिक रास्ते बनाने के कारण किसानों को भी फसलों का नुकसान उठाना पड़ रहा है ।

किसानों व आम नागरिकों को होने वाली इन परेशानियों से निजात दिलाने के लिए माननीय मंत्री जी क्या कदम उठायेंगे?